# भारत सरकार योजनाएँ - 2014

| क्र.सं. | योजना / कार्यक्रम | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य / विशेष |
|---|---|---|---|
| 1 | जनधन योजना<br><br>BL Choudhary | 28 अगस्त 2014 | PM मोदी ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए जन धन योजना की शुरुआत की<br>* 0 बैलेन्स पर खाता खोला गया<br>* पहले दिन 1.5 करोड़ लोगों के बैंक खाते खोले गये<br>* 'रुपे' डेबिट कार्ड और 1 लाख का दुर्घटना - बीमा प्राप्त किये<br>* 30 हजार का जीवन बीमा |
| 2 | राष्ट्रीय आयुष मिशन | 15 सितम्बर 2014 | आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग, प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए देश में आयुष मिशन शुरू किया गया।<br>आयुष में आयुर्वेद, योगा, यूनानी, सिद्धा व होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियां शामिल हैं |
| 3 | मेक इन इंडिया | 25 सितम्बर 2014 | देश में विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन हेतु PM मोदी ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की<br>* मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था के 25 क्षेत्रों में रोजगार सृजन व कौशल संवर्द्धन है<br>Logo:- (शेर) जो अशोक चक्र से प्रेरित है |
| 4 | दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना | 25 सितम्बर 2014 | शहरी और ग्रामीण गरीब लोगों के लिए योजना<br>* उद्देश्य कौशल विकास और अन्य उपायों के माध्यम से आजीविका के अवसरों में वृद्धि कर शहरी व ग्रामीण गरीबी को कम करना है।<br>* यह योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का एकीकरण है |
| 5 | स्वच्छ भारत मिशन (SBM)<br><br>सुलभ शौचालय के संस्थापक डॉ. बिंदेश्वर पाठक | 02 अक्टूबर 2014 | PM मोदी ने गांधीजी की 145वीं जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन प्रारंभ किया<br>लक्ष्य - गांधीजी की 150वीं जयंती (02 अक्टू. 2019) तक देश खुले से शौच मुक्त करना।<br>* मोदी ने इस स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत नई दिल्ली के मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के पास झाड़ू लगाकर किया।<br>* सिक्किम पहला राज्य खुले से शौच मुक्त<br>2. हिमाचल प्रदेश<br>3. केरल<br>4. उत्तराखण्ड<br>5. हरियाणा<br>} खुले से शौच मुक्त राज्य क्रमशः |

Scanned by CamScanner

2014

| क्र.स. | योजना / कार्यक्रम | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य / विशेष |
|---|---|---|---|
| 6 | सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAANJHI) | 11 अक्टूबर 2014 | PM मोदी ने जयप्रकाश नारायण के जन्मदिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन से सांसद आदर्श ग्राम योजना का शुभारंभ किया<br>* यह योजना संसद के दोनो सदनों के सांसदो को अपने निर्वाचित क्षेत्र के कम से कम एक गांव की पहचान कर गोद लेकर विकास को प्रोत्साहित<br>* लोकसभा सदस्य अपने लोकसभा क्षेत्र के गांव का तथा राज्यसभा सांसद अपने राज्य के गांव को गोद लेंगे। |
| 7 | दीन दयाल उपाध्याय 'श्रमेव जयते' योजना | 16 अक्टू. 2014 | PM मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में योजना का शुभारंभ किया।<br>* मुख्य उद्देश्य श्रम कानूनो में सुधार करना श्रम क्षेत्र में पारदर्शिता लाकर देश के श्रमिकों की दशा सुधारने में माहोल बनाना जिससे औद्योगीक विकास को गति मिल सके। देश मे रोजगार बढे, श्रम की उत्पादकता बढे और स्वयं श्रमिकों की आमदनी बढे। |
| 8 | मिशन इंद्रधनुष | 25 दिसम्बर 2014 | केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 25 Dec 14 को सुशासन दिवस के अवसर पर 'मिशन इन्द्रधनुष' आरम्भ किया गया।<br>* यह मिशन 2 वर्ष तक के बच्चे व गर्भवती महिलाओं को लक्षित करता है।<br>* 2020 तक 2 वर्ष तक के बच्चो 90% को टीकाकरण के दायरे में लाना है।<br>* 352 जिलो मे पूर्ण टीकाकरण प्राप्त करना<br>* प्रथम चरण में देश के 201 जिलों का चयन।<br>* 7 अक्टूबर 2015 को दूसरा चरण प्रारम्भ हुआ |

BL Choudhary

Scanned by CamScanner

# भारत सरकार योजनाएं 2015

| क्र.सं. | योजना / कार्यक्रम | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य / विशेष |
|---|---|---|---|
| ① | 'पहल' योजना (PAHAL) | 01 जनवरी 2015 | LPG पर दी जाने वाली सब्सिडी योजना। <br> * DBTL - डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर <br> * सब्सिडी सीधे ही उपभोक्ता के खाते में जमा की जाएगी। <br> * डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर फॉर LPG (DBTL) की यह पहल योजना विश्व की सबसे बड़ी योजना है। |
| ② | 'प्रसाद' योजना (PRASAD) | जनवरी 2015 | - केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की योजना है। <br> * सभी मतों के तीर्थस्थलों के सौन्दर्यीकरण और वहां बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान प्रसाद एक राष्ट्रीय अभियान है। |
| ③ | 'हृदय' योजना (HRIDY) | 21 जनवरी 2015 | केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने देश के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और फिर से जीवित करने के प्रयास के मद्देनजर 21 जनवरी 2015 को राष्ट्रीय विरासत विकास एवं संवर्धन योजना हृदय (HRIDY) का शुभारंभ किया <br> * विरासत स्थलों के एकीकृत, समावेशी, सतत् विकास को बढ़ावा देना, स्मारकों का रखरखाव पर केंद्रित करना। <br> प्रारंभिक चरण में 12 विरासत शहरों को चुना गया |
| ④ | बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ (BBBP) | 22 जनवरी 2015 | PM मोदी ने हरियाणा के पानीपत शहर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की BBBP योजना का शुभारंभ किया। <br> * हरियाणा में लिंगानुपात महज 879 है। सबसे कम <br> * माधुरी दीक्षित को एम्बेसडर बनाया गया <br> * यह योजना बाल लिंगानुपात में गिरावट को रोकने और उसमें वृद्धि करने की एक पहल है <br> * आरम्भ में देश के 100 जिलों में क्रियान्वयन की गई |
| ⑤ | सुकन्या समृद्धि योजना (SSY) | 22 जनवरी 2015 | PM मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत शहर में BBBP अभियान के तहत आरंभ की गई। योजना है <br> * इसके तहत बालिकाओं का बैंक खाता खुलवाने की <br> * खाता किसी भी डाकघर या अधिकृत बैंक शाखा में खुलवाया जा सकता है <br> * 1000रु खाता खुलवाने के समय कम से कम और एक वित्त वर्ष में अधिकतम 1.5 लाख <br> * बालिका की आयु 0-10 वर्ष तक खाता खोला जाएगा। <br> * बालिका 18 वर्ष की उम्र होने पर 50% पैसा वापिस निकाल सकती है <br> * 9.1% सालाना ब्याज दर है। |

BL Choudhary

Scanned by CamScanner

# भारत सरकार योजनाएं 2015

| क्र.सं. | योजना / कार्यक्रम | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य / विशेष |
|---|---|---|---|
| 6 | मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम (SHCS) | 19 Feb 2015 | PM मोदी ने 19 Feb 2015 को राजस्थान के सूरतगढ़ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कीम का शुभारंभ किया।<br>* 'स्वस्थ धरा, खेत हरा' का नारा दिया।<br>* 3 वर्षों के भीतर 14 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड ~~Online~~ जारी किए जाएंगे। |
| 7 | प्रधानमंत्री मुद्रा योजना | 08 अप्रैल 2015 | वित्त पोषण की सुविधा से वंचित छोटे व्यवसायियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए PM मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में मुद्रा योजना का शुभारंभ किया।<br>* शिशु-योजना – 50 हजार तक<br>* किशोर योजना – 50 हजार से 5 लाख तक<br>* तरुण योजना – 5 लाख से 10 लाख तक<br>ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 8 | उजाला योजना (UJALA)<br><br>BL Choudhary | 01 मई 2015 | PM मोदी ने बचत लैंप योजना के स्थान पर UJALA योजना की शुरुआत की।<br>* Govt इसके तहत सस्ती LED Bulb दे रहा है।<br>↳ बाजार कीमत से 40% कम पर<br>* इस स्कीम का उद्देश्य LED बल्बों के उपयोग को बढ़ावा देना है। |
| 9 | प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना | 09 मई 2015 | PM मोदी द्वारा कोलकत्ता में योजना का उद्घाटन।<br>* वार्षिक प्रीमियम 12 रु में 2 लाख का दुर्घटना बीमा (अवधि 1 वर्ष, प्रतिवर्ष नवीनीकरण)<br>आयु - 18 से 70 वर्ष<br>यह योजना दुर्घटनावश मृत्यु एवं विकलांगता के लिए सुरक्षा प्रदान करती है |
| 10 | प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना | 09 मई 2015 | PM मोदी द्वारा कोलकत्ता में योजना का उद्घाटन।<br>* वार्षिक प्रीमियम 330 रु 2 लाख का जीवन बीमा (अवधि 1 वर्ष प्रतिवर्ष नवीनीकरण)<br>आयु 18 से 50 वर्ष<br>बीमा अवधि - 1 जून से 31 मई |
| 11 | अटल पेंशन योजना | 09 मई 2015 | PM मोदी द्वारा कोलकत्ता में योजना का उद्घाटन<br>* निश्चित पेंशन कम से कम निवेश से<br>आयु 18 से 40 वर्ष<br>मासिक पेंशन का निर्धारण, 42 रु प्रतिमाह से लेकर 210 रु प्रतिमाह निवेशानुसार।<br>* 60 वर्ष की आयु से 1000 रु से लेकर 5000 रु तक के पेंशन का भुगतान। |

Scanned by CamScanner

# भारत सरकार योजनाएं 2015

| क्र.स. | योजना / कार्यक्रम | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य / विशेष |
|---|---|---|---|
| (12) | स्मार्ट सिटीज मिशन | 25 जून 2015 | PM मोदी ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटीज मिशन का शुभारंभ किया।<br>* पर्याप्त जलापूर्ति, सुनिश्चित विद्युत आपूर्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित सफाई, सक्षम शहरी गतिशीलता और सार्वजनिक परिवहन, विशेषतः गरीबों के लिए किफायती आवास, सक्षम I.T Connectivity और डिजीटलाइजेशन, सुशासन, ई-गवर्नेंस, नागरिक भागीदारी, स्थायी पर्यावरण, विशेषत महिलाओं, बच्चों व वृद्ध नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा शामिल होंगे। |
| (13) | अमरूत मिशन (AMRUT) | 25 जून 2015 | PM मोदी ने अटल कायाकल्प व शहरी रूपांतरण पर अटल मिशन यानी अमरूत मिशन का शुभारंभ।<br>* यह एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है।<br>* इस मिशन ने पूर्ववर्ती जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी मिशन का स्थान लिया है।<br>* इस योजना का उद्देश्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा शहरों को अपनी भावी विकास योजना तैयार करने के लिए अवसर उपलब्ध कराना है।<br>* इसके तहत 500 शहरों को शामिल किया गया है।<br>* 5 वर्षों की अवधि में 50,000 करोड़ रू व्यय किए जायेंगे |
| (14) | प्रधान मंत्री आवास योजना -(2022) | 25 जून 2015 | PM मोदी ने 25 जून 2015 को योजना का शुभारंभ<br>केबिनेट मिशन ने 17 जून 2015 को सन 2022 तक सभी के लिए आवास मिशन की मंजूरी दे चुकी थी।<br>* चूंकि 2022 में स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं।<br>* इससे पहले इसे इन्दिरा आवास योजना कहा जाता था<br>* पूरे देश में 2 करोड़ मकान(घर) का निर्माण करना<br>* मलिन बस्तीयों की पुनर्स्थापना हेतु एक आवास एक लाख रू केन्द्र सरकार द्वारा सहायता के तौर पर<br>* आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों को 1.5 लाख रू प्रति आवास केन्द्रीय सहायता दी जायेगी।<br>यह योजना 3 चरणों में क्रियान्वित होगी<br>* चरण-I April 15 — March 17 100 शहर<br>* चरण II April 17 — March 19 200 अतिरिक्त शहर<br>* चरण III April 19 — March 22 शेष सभी शहर |

BL Choudhary

Scanned by CamScanner

# भारत सरकार योजनाएं 2015

| क्र.सं. | योजना / कार्यक्रम | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य / विशेष |
| --- | --- | --- | --- |
| (15) | प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) | 02 जुलाई 2015 | प्रधानमंत्री श्री Modi की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों पर केन्द्रीय कैबिनेट कमेटी ने 2 जुलाई 15 को मंजूरी दी<br>* यह केन्द्रीय जल संसाधन मंत्रालय की योजना है।<br>* उद्देश्य 'हर खेत तक पानी' तथा जल उपयोग क्षमता 'प्रति बूंद और अधिक फसल" है<br>इस योजना के तहत 5 वर्षों (2015-20) - 50 हजार करोड़ रु का प्रावधान किया |
| (16) | प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) | 15 जुलाई 2015 | केन्द्रीय कैबिनेट ने 20 मार्च 2015 को मंजूरी दी थी<br>PM मोदी ने 15 जुलाई 2015 को स्किल इंडिया अभियान के तहत योजना की शुरुआत की।<br>* 15 July 2015 को प्रथम युवा कौशल दिवस मनाया गया<br>PMKVY का लक्ष्य 24 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करना है<br>* राजस्थान भारत का पहला राज्य है जिसने सित. 2004 में राजस्थान आजीविका मिशन की स्थापना की। |
| (17) | उदय स्कीम (UDAY) | 20 NOV 2015 | केन्द्रीय कैबिनेट ने इस स्कीम को 5 नवम्बर 2015 को मंजूरी दी थी जबकि यह स्कीम 20 Nov 2015 को आरम्भ की गई<br>* देश की विद्युत वितरण कंपनियों के वित्तीय सुधार तथा पुनरुद्धार पैकेज की योजना है 'उदय'<br>* यह एक केन्द्रीय योजना है<br>* उदय से तात्पर्य है 'उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेन्स योजना |

BL Choudhary

Scanned by CamScanner

# भारत सरकार योजनाएं 2016

| क्र. | योजना | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य / विशेष |
|---|---|---|---|
| 1 | स्टार्ट-अप इंडिया अभियान | 16 जनवरी 2016 | PM मोदी ने नई दिल्ली में अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान की घोषणा PM मोदी ने 15 अगस्त 2015 को स्वतंत्रता दिवस भाषण में की थी।<br>* यह योजना वस्तुतः नव उद्यमिता को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका नीति निर्माण तक सीमित रखकर लाइसेंस राज से मुक्ति सहित भूमि मंजूरी, विदेशी निवेश प्रस्ताव, पर्यावरणीय अनुमति जैसी बाधाओं से मुक्ति दिलाने का उद्देश्य लेकर चल रही है।<br>स्टार्टअप को वित्तपोषण के लिए एक 10,000 करोड़ का स्टार्टअप फंड बनाया गया। |
| 2 | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) | 18 फरवरी 2016 | PM मोदी ने मध्यप्रदेश के शेरपुर (सीहोर) में इस योजना की औपचारिक शुरुआत करते हैं। 18 Feb 2016<br>* इस योजना को 13 जनवरी 2016 को मंजूरी दी थी।<br>* यह योजना पूर्ववर्ती 'राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना' का स्थान लिया। आंवटित किए<br>* बजट 2016-17 में इस बीमा योजना में 5500 करोड़<br>प्रीमीयम की दरे बहुत कम है।<br>खरीब फसल - ~~1.5%~~ 2%<br>रबी फसल - 1.5%<br>बागवानी / वाणिज्य - 5%<br>निम्न पर भुगतान बीमाकवर 100% (ओलावृष्टि, चक्रवात, बाढ़) |
| 3 | श्यामाप्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय रूर्बन मिशन (SPMNRM) | 21 फरवरी 2016 | PM मोदी ने छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव जिले के कुरूभात नामक स्थान से मिशन का शुभारंभ किया।<br>* रूर्बन मिशन "ग्रामीण आत्मा और शहरी सुविधाओं से युक्त"।<br>* यह योजना स्मार्ट गांवों का निर्माण करके स्मार्ट शहरों की पहल की पूरक बनेगी।<br>* अगले 3 वर्षों में 5100 करोड़ का निवेश किया जायेगा। जिससे 300 ग्रामीण क्लस्टर विकसित किए जायेंगे। |
| 4 | 'सेतु भारतम्' कार्यक्रम | 04 मार्च 2016 | PM मोदी ने 50,000 करोड़ की सेतु भारतम कार्यक्रम का शुभारंभ किया।<br>राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षित एवं सुचारू यात्रा हेतु पुल बनाने के लिए आरम्भ किया गया।<br>लक्ष्य - 2019 तक सभी राष्ट्रीय राजमार्ग रेलवे फाटकों से मुक्त कर देना है।<br>इसमें ~~सैकड़ों~~ मौजूदा पुराने जर्जर ब्रिजों को दुरुस्त किया जायेगा तथा रेल्वे ओवर व अंडर ब्रिजों का निर्माण किया जाएगा। |

B L Choudhary

Scanned by CamScanner

# भारत सरकार योजनाएं - 2016

| क्र.स. | योजना / कार्यक्रम | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य / विशेष |
|---|---|---|---|
| 5 | स्टैंडअप इंडिया योजना | 05 अप्रैल 2016 | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व महिलाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मोदी ने नोएडा के सेक्टर 62 में योजना का शुभारंभ किया।<br>* केन्द्रीय मंत्रीमण्डल ने इसे 6 जनवरी 16 को मंजूरी दी थी।<br>* इसके तहत SC/ST सदस्यों, व महिलाओं को ग्रीनफील्ड उद्यम के लिए बैंकों से 10 लाख – 1 करोड़ तक ऋण उपलब्ध करवाना। यह उद्यम विनिर्माण, सेवा या व्यापार सेक्टर से होना चाहिए।<br>* पात्र SC/ST एवं महिलाएं 18 वर्ष से ऊपर आयु। |
| 6 | ग्रामउदय से भारत उदय अभियान | 14 अप्रैल 2016 | PM मोदी ने 14 अप्रैल 2016 को मध्यप्रदेश के महू में अभियान का शुभारंभ किया।<br>* 14 अप्रैल 2016 से चलने वाले ग्राम उदय से भारत उदय अभियान के तहत गांवों में होने वाले विकास कार्यों पर ध्यान केन्द्रित किया गया।<br>* पंचायतीराज को मजबूत करना, ग्रामविकास को बढ़ावा देना, ग्रामपंचायत विकास योजना |
| 7 | प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना | 01 मई 2016 | PM मोदी ने 01 मई 2016 को बलिया (UP) से योजना की शुरुआत की।<br>* केबिनेट कमेटी ने 10 मार्च 2016 को इसे मंजूरी दी थी।<br>* इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में महिला के नाम निःशुल्क LPG कनेक्शन प्रदान किया जाता है।<br>* वर्ष 2016-2019 के बीच 5 करोड़ BPL महिलाओं को LPG कनेक्शन प्रदान किया जाना है।<br>* इस योजना हेतु 8000 करोड़ आवंटित किए हैं।<br>* योजना का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है तथा जीवाश्म ईंधन की जगह LPG उपयोग को बढ़ावा देना है। |
| 8 | भीम एप्प | ~~30 सितम्बर 2016~~<br>30 Dec 2016 | इस एप्प का नाम डॉ. अम्बेडकर के नाम पर रखा है।<br>* इस एप्प के जरिए बिना क्रेडिट/डेबिट कार्ड से लेनदेन करने में सक्षम।<br>* डिजिटल भुगतान को बढ़ावा। |
| 9 | सागरमाला | 14 अप्रैल 2016 | तटीय राज्यों में बन्दरगाहों का आधुनिकीकरण एवं विकास |

BL Choudhary

Scanned by CamScanner

# भारत सरकार योजनाएँ 2017

| क्र. सं. | योजना / कार्यक्रम | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य / विशेष – |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (PMGDISHA) | 08 फरवरी 2017 | – मार्च 2019 तक 6 करोड़ ग्रामीण परिवारों को डिजिटल बनाने का लक्ष्य। <br> ▫ यह नागरिकों को कम्प्यूटर / डिजिटल एक्सेस डिवाइस के संचालन के लिए सूचना एवं कौशल प्रदान करते हुए उन्हें सशक्त बनाएगा। |
| 2 | साथिया सलाह मोबाइल एप | 20 फरवरी 2017 | केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने किशोर लड़के व लड़कियों के लिए "साथिया रिसोर्स किट" एवं "साथिया सलाह" मोबाइल एप लॉन्च किया इसके अन्तर्गत पोषण, सेक्स, प्रजनन, नशे के खतरे, हिंसा आदि जागरूकता पर जानकारी |
| 3 | भारत QR कोड | 21 फरवरी 2017 | नकदरहित कारोबार की दिशा में कदम उठाना – डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाने हेतु एक त्वरित प्रणाली किया! <br> RBI के उपगवर्नर गांधी क्विक रिस्पॉन्स कोड की शुरुआत। जिसका विकास NPCI, मास्टर कार्ड एवं वीज़ा द्वारा किया गया। |
| 4 | राष्ट्रीय वयोश्री योजना | 01 अप्रैल 2017 | नेल्लोर (आन्ध्रप्रदेश से शुरुआत। <br> इस योजना का उद्देश्य उम्र सम्बन्धी बीमारियों का सामना कर रहे BPL बुजुर्गों को जीवन यापन के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके जीवन को सामान्य के करीब लाना है। |
| 5 | लेस-कैश टाउनशिप | 14 अप्रैल 2017 | PM मोदी द्वारा नागपुर (महाराष्ट्र) से शुभारम्भ <br> GNFC द्वारा विकसित "नकदरहित या कम नगद वाले टाउनशिप" मॉडल का शुभारम्भ। <br> – प्रारम्भ में 12 राज्यों के 81 टाउनशिप में शुरू किया गया <br> – ये शहर प्रतिदिन 2.5 लाख नकदरहित लेन देन करेंगे |
| 6 | भीम-आधार एप (BHIM) | 14 अप्रैल 2017 | PM मोदी द्वारा BR अम्बेडकर की 126वीं जयंती पर नागपुर (महाराष्ट्र) में "आधार" आधारित मनी ट्रांसफर एप 'BHIM' का शुभारम्भ (UPI पर आधारित) <br> – 8 NOV 2016 को 500 व 1000 के नोटों की वैधानिक टेंडर समाप्त हो जाने पर डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा <br> – यह कम नकद आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। |
| 7 | न्याय मित्र स्कीम | 20 अप्रैल 2017 | केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने आरम्भ किया। <br> इसके तहत देश के विभिन्न जिलों में लम्बित मुकदमों को शीघ्र निपटान है जो 10 सालों से लम्बित हैं <br> – सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी को न्याय मित्र का दर्जा देकर जिला विधिक केन्द्रों पर बैठाना। |

BL Choudhary

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | उड़ान (UDAN) योजना | 27 अप्रैल 2017 | PM मोदी ने शिमला में UDAN का शुभारम्भ किया<br>- कड़प्पा-हैदराबाद तथा नांदेड़-मुम्बई के बीच UDAN का शुभारम्भ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये।<br>उड़ान का अर्थ - उड़े देश का आम नागरिक<br>- 500 KM की दूरी की उड़ानों का किराया 2500 से अधिक नहीं होगा |
| 9 | विद्या वीरता अभियान<br><br>BL Choudhary | 02 मई 2017 | मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावेडकर ने नई दिल्ली में विद्या वीरता अभियान की शुरुआत की<br>इसके तहत देशभर के 1000 विश्व विद्यालयों और कालेजों में 'वीरता की दिवार' size-(15X30 Fit) बनाई जाएगी, जिस पर सभी 21 परमवीर चक्र विजेताओं के पोर्टेट लगाए जाएंगे इससे युवाओं में देशभक्ति की भावना संचारित होगी। |
| 10 | 'सम्पदा' (SAMPADA) | 03 मई 2017 | कृषि को पूरक बनाना, प्रसंस्करण का आधुनिकीकरण करना तथा कृषि अपशिष्ट को कम करना। यह विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में भारी रोजगार के अवसर प्रदान। |
| 11 | मातृत्व लाभ कार्यक्रम | 17 मई 2017 | गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 6000 रु दिये जाएंगे (शर्तें - सिर्फ पहली संतान के लिए)<br>- 5000 रु 3 किश्तों में महिला व बाल विकास मंत्रालय द्वारा।<br>1000 रु शुरू में गर्भावस्था का पंजीकरण करने पर<br>2000 रु प्रसव पूर्व जांच के बाद और<br>2000 रु बच्चे के जन्म के पंजीकरण के बाद } सीधे खाते में हस्तांतरित<br>शेष 1000 मातृत्व लाभ के मान्य नियमों के अनुरूप दी जाएगी |
| 12 | दरवाजा बंद अभियान | 30 मई 2017 | देशभर में शौचालयों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए अभिनेता अमिताभ बच्चन ने मुम्बई में दरवाजा बंद अभियान का शुभारम्भ किया। |
| 13 | समावेशी भारत अभियान | 06 जून 2017 | दिव्यांगों को बौद्धिक और विकास के अवसर प्रदान करना। समेकित शिक्षा, समेकित रोजगार, समेकित सामुदायिक जीवन है। |
| 14 | वात्सल्य-मातृ अमृत कोष: मानव दुग्ध बैंक | 07 जून 2017 | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव श्री सी.के. मिश्रा ने दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में योजना का उद्घाटन किया।<br>यह एक राष्ट्रीय मानव (मातृ) दुग्ध बैंक और दुग्ध पान परामर्श केन्द्र है (नार्वे सरकार की सहायता से) |
| 15 | 'साथ' (SAATH) कार्यक्रम | 10 जून 2017 | नीति आयोग ने सहकारी संघवाद की कार्यसूची पर अमल के लिए 'साथ' यानी सस्टेनेबल एक्शन फॉर ट्रांसफार्मिंग ह्यूमन कैपिटल अर्थात मानव पूंजी के रूपांतरण के लिए स्थायी कार्यक्रम का शुभारंभ।<br>इसका लक्ष्य शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्रों का विकास करना है। |

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | मिशन रेट्रो-फिटमेंट | 13 जून 2017 | रेलमंत्री सुरेश प्रभु ने रेल भवन में शुभारंभ किया। रेट्रो फिटनेस मिशन भारतीय रेलों के सवारी डिब्बों में साज सज्जा तथा सुविधाओं का स्तर ऊंचा करने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। 40000 हजार सवारी डिब्बों को सुसज्जीत किया जाएगा। |
| 17 | 'वज्र स्कीम' | 22 जून 2017 | विदेश में रह रहे भारतीय वैज्ञानिकों तथा भारत स्थित शोधकर्ताओं को भारत में संयुक्त रूप से शोध के लिए प्रोत्साहित करना है। |
| 18 | नेशनल डाटा रिपॉजिटरी | 28 जून 2017 | केन्द्रीय वित्त मंत्री अरूण जेटली एवं केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने योजना का शुभारम्भ किया। विशाल तलछटी आकड़ों का संग्रहण, संरक्षण व रख रखाव करेगी ताकि भविष्य में तेल गैस उत्पादन में मदद। |
| 19 | कमिट प्रोग्राम | 29 जून 2017 | यह राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम है। अधिकारियों में क्षमता विकसित करना |
| 20 | इनोवेट इन इण्डिया कार्यक्रम | 30 जून 2017 | भारत में वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बायोफार्मास्यूटिकल उद्योग के लिए ऐसे पारितंत्र का निर्माण करना है जो उद्यमिता एवं स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा दे। |
| 21 | जिज्ञासा अभियान | 06 जुलाई 2017 | विद्यार्थी - वैज्ञानिक सम्पर्क कार्यक्रम। |
| 22 | प्रधानमंत्री वय वंदना योजना | 21 जुलाई 2017 (लागू) | वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष या अधिक) के लिए पेंशन स्कीम 4 मई 2017 से 3 मई 2018 तक सब्सक्रिप्शन पुराटो। LIC द्वारा 10 वर्षों की बीमा पॉलिसी प्रदान की गई Policy टर्म - 10 वर्ष अवधि तक। 1,44,578 रु एकमुश्त प्रिमियम भुगतान पर आप अगले 10 साल तक 1 हजार मासिक पेंशन के हकदार 8% रिटर्न प्राप्त, GST से छूट, मूल राशि भुगतान (समाप्ति पर) |
| 23 | शादी शगुन योजना | 08 अगस्त 2017 | मुस्लिम लड़कियों सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन। |
| 24 | स्वस्थ बच्चे स्वस्थ भारत | 22 अगस्त 2017 | केन्द्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य प्रोन्नयन |
| 25 | मेंटर इण्डिया अभियान | 23 अगस्त 2017 | नीति आयोग ने योजना का शुभारम्भ किया अटल नवाचार मिशन के एक हिस्से के रूप में देशभर में स्थापित 900 से अधिक अटल टिंकरिंग लैबों में शोध को बढ़ावा देना। |
| 26 | स्वच्छता ही सेवा अभियान | 15 सित. 2017 | स्वच्छ स्वास्थ्यवर्धक व नए भारत के निर्माण के लिए राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारम्भ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कानपुर के ईश्वरीगंज गांव से किया। हर वर्ग के लोग बड़े पैमाने पर स्वच्छता व शौचालयों के निर्माण के लिए श्रमदान करेंगे तथा खुले में शौच मुक्त करेंगे। |

BL Choudhary

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | सौभाग्य योजना | 25 सित. 2017 | PM मोदी द्वारा दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के अवसर पर योजना का शुभारम्भ किया। दिसम्बर 2018 के अन्त तक प्रत्येक घर तक बिजली पहुंचाने की प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना प्रारम्भ किए जाने की घोषणा की (16320 करोड़ रु.) |
| 28 | पेंसिल (PENCIL) | 26 सित. 2017 | गृहमंत्री राजनाथसिंह ने PENCIL - Platform for Enforcement for 'No child Labour नामक वेब पोर्टल का शुभारम्भ किया। इसे बालश्रम मुक्त भारत के सर्जन की गति प्रदान की दृष्टि से प्रारम्भ किया। |
| 29 | एक धरोहर गोद लो योजना | 27 सित. 2017 (14 स्मारक गोद लिए) | विश्व पर्यटन दिवस 27 सितम्बर 2017 को राष्ट्रपति ने पर्यटन मंत्रालय की यह "एक धरोहर गोद ले" योजना का शुभारम्भ किया था। सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों, कार्पोरेट जगत के व्यक्तियों को स्मारक मित्र के रूप में चुना गया। तथा उन्हें आशय पत्र पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी किए गए। 25 Oct 2017 को इन्हें आशय पत्र जारी किए गये। |

① SBI फाउंडेशन - जंतर मंतर (दिल्ली)
② T. International Ltd - कोणार्क का सूर्य मंदिर (ओडिशा), राजारानी मंदिर - (भुवनेश्वर), रत्नागिरी स्मा (ओडिशा)
③ यात्रा Online Pvt Ltd - कर्नाटक के हम्पी, जोधपुर लेह PIC, कुतुबमीनार (दिल्ली), अजन्ता गुफा (महाराष्ट्र)
④ ट्रेवल कार्पोरेशन of India Ltd - मतानचेरी पैलेस (कोच्चि), सफदरजंग मकबरा (दिल्ली)
⑤ आपरेटर एसो. of India - गंगोत्री क्षेत्र, गोमुख, माउंट स्टोक कांगरी (J&K), लद्दाख एडवेन्चर टूर
⑥ स्पेशल होलीडेज ट्रेवल Pvt Ltd - दिल्ली की अग्रसेन बावड़ी
⑦ NBCC - दिल्ली का पुराना किला।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 | सिक्योर हिमालय परियोजना | 02 अक्टूबर 2017 | केन्द्रीय पर्यावरण एवं वनमंत्री डॉ हर्षवर्धन ने योजना का शुभारम्भ किया परियोजना में उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, सिक्किम के उच्च हिमालयी क्षेत्र शामिल किए गये। इन क्षेत्रों में जैवविविधता, जीवों का संरक्षण, टूरिज्म को बढ़ाना, जड़ी बूटियों व फलोत्पादन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम चलाएंगे। |
| 31 | गरीबी भारत छोड़ो अभियान | 11 अक्टूबर 2017 | PM मोदी ने नानाजी देशमुख की जन्मशताब्दी के समारोह में दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् पूसा से योजना का शुभारम्भ किया। मोदी ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को कुशल बनाने से ही गरीबी भारत से जाएगी। क्योंकि भारत के पास संसाधनों की कमी नहीं है तथा इसका लाभ समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। |
| 32 | 'ग्राम संवाद' एप्प | 11 अक्टूबर 2017 | PM मोदी ने नानाजी देशमुख की जयंती पर दिल्ली में स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् पूसा में एक कार्यक्रम में ग्राम संवाद मोबाइल एप तथा दिशा पोर्टल को लान्च किया इससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन देखा जा सकता है कि वे कार्य किस तरह कर रही है या नहीं साथ ही किसानों को सीधे तौर पर डिजिटल इंडिया से जोड़ा जा सके। |
| 33 | सम्पूर्ण बीमा योजना | 13 अक्टूबर 2017 | केन्द्रीय संचार मंत्री (राज्य) स्वतंत्र प्रभार मनोज सिन्हा ने 13 Oct 17 को ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को किफायती जीवन बीमा सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्पूर्ण बीमा ग्राम योजना का शुभारम्भ किया गया। इसका उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ाना तथा लोगों को डाक जीवन बीमा के तहत लाना। |

BL Choudhary

Scanned by CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 34 | जीरो हंगर प्रोग्राम<br>BL Choudhary | 16 अक्टूबर 2017 | विश्व खाद्य दिवस (16 Oct 17) पर देश के तीन जिलों - ① गोरखपुर (UP), ② थाणे (महाराष्ट्र) कोरापुट (उड़ीसा) में जीरो हंगर कार्यक्रम चलाया गया। इसके तहत 2030 तक भूख को समाप्त करने का लक्ष्य। तथा पोषण सम्बंधी दुर्बलता, कृषि, पशुपालन ~~का प्रकार~~ स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाएगा। |
| 35 | भारत माला परियोजना<br>सेतु समुद्रम - 04 मार्च 2016 - रेलवे पुलों का निर्माण - रेलवे फाटक से मुक्त<br>सागरमाला - 14 अप्रैल 2016<br>तटीय क्षेत्रों में बन्दरगाहों का विकास एवं आधुनिकीकरण करना | 24 अक्टूबर 2017 | आर्थिक विकास तथा रोजगार सृजन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार आगामी 5 वर्ष (2022 तक) विभिन्न सड़क परियोजनाओं पर 7 लाख करोड़ रु का परिव्यय वाली राजमार्ग विकास की परियोजना का शुभारम्भ किया। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्गों को सीमा से जोड़ने, अन्तर्द्वीप बन्दरगाह, तटीय क्षेत्रों को जोड़ने वाले राजमार्ग गलियारे का विकास करना देश की दूसरी बड़ी परियोजना है। |
| 36 | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - रफ्तार (RAFTAAR) | 01 NOV 2017 | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अब 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 तक रेम्यूनरेटिव एप्रोच फॉर एग्रीकल्चर एण्ड एलाइड सेक्टर रीजुवेनेशन (RAFTAAR) के रूप में चलेगी योजना द्वारा कृषि एवं सम्बन्ध क्षेत्रों को अधिक आवंटन बढ़ाने में राज्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा। |
| 37 | दीनदयाल स्पर्श योजना (SPARSH) | 03 नवम्बर 2017 | संचार मंत्री मनोज सिन्हा ने स्कूली बच्चों में डाक टिकट संग्रह को प्रोत्साहन देने के लिए योजना का शुभारम्भ किया। इसके तहत कक्षा VI से IX तक के उन चुनिंदा बच्चों को वार्षिक तौर पर छात्रवृत्ति दी जाएगी जिनका शैक्षणिक परिणाम अच्छा है तथा जिन्होंने डाक टिकट संग्रह को एक रुचि के रूप में चुना है 500 रु प्रतिमाह (रु 6000 वार्षिक) |
| 38 | भारत नेट योजना (चरण II) | 13 नवम्बर 2017 | देश की सभी पंचायतों तक हाई स्पीड ब्रॉड बैंड पहुँचाने की महत्वाकांक्षी भारतनेट परियोजना का दूसरा चरण शुरू किया गया। परियोजना के अन्तर्गत सभी पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर के लिए कंनेक्शन पॉइंट या एक्सचेंज लगाया जा रहा है। |
| 39 | प्रधानमंत्री महिला शक्ति केन्द्र | 22 NOV 2017 | घटते लिंगानुपात में सुधार करना, महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करना, शिक्षा को सुनिश्चित करना, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के माध्यम से सशक्त बनाना, संरक्षण और विकास के लिए सामाजिक क्षेत्र कल्याण हेतु लाया गया। |
| 40 | उमंग एप | 23 NOV 2017 | नागरिकों को एक ही मंच पर सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ देना। |

Scanned by CamScanner

# भारत सरकार की योजनाएँ - 2018

| क्र.सं. | योजना/कार्यक्रम | प्रारम्भ तिथि | उद्देश्य/विशेष |
|---|---|---|---|
| 1 | नारी पोर्टल लॉन्च<br>(NARI) | 02 जनवरी 2018 | केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी ने महिलाओं के लिए NARI पोर्टल का लोकार्पण किया। इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, कानूनी अधिकारों के साथ ही केन्द्र की 350 योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी एक ही मंच पर मिल सकेगी। |
| 2 | ई-संवाद पोर्टल →<br>(e-Samvad) | 02 जनवरी 2018 | मेनका गांधी ने नारी पोर्टल के लोकार्पण के साथ ही मंत्रालय के NGO और सिविल सोसाइटी के संवाद के लिए विकसित एक ई-संवाद (e-Samvad) पोर्टल का भी उद्घाटन इस अवसर पर किया। |
| 3 | खेलो इंडिया<br>BL Choudhary | 31 जनवरी 2018 | प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में खेलो इंडिया का उद्घाटन नई दिल्ली के आईजी स्टेडियम में किया। इसमें 16 खेलों के लिए 3700 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं ये खेलो इंडिया का पहला चरण है। |
| 4 | आयुष्मान भारत योजना<br>(AB-NHPM)<br>डायरेक्टर - डॉ. दिनेश अरोड़ा<br>CEO - इन्दु भूषण | 14 अप्रैल 2018 | PM मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य में बीजापुर जिले के माओवाद ग्रस्त जांगला में आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रथम भाग स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र का उद्घाटन किया। └ 14 अप्रैल 2018<br>आयुष्मान भारत के (2) भाग हैं<br>(1) स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र (2) स्वास्थ्य बीमा ↓ 5 लाख रु बीमा<br>* 1200 करोड़ बजट प्रावधान<br>* प्रतिवर्ष इलाज के लिए 5 लाख तक का बीमा कवर का प्रावधान है इससे देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात 50 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा।<br>✓ AB-NHPM में चालू केन्द्र प्रायोजित योजनाओं -<br>(i) राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (RSBY)<br>(ii) वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना (SCHIS)<br>समाहित होगी। |

Scanned by CamScanner